# निरीक्षण प्रतिवेदन

णकर्ता अधिकारी का नाम व पद – श्री गिरीश कुमार बचानी,सहा.आयुक्त
स जिसका निरीक्षण किया गया – ं. श्री रामदेवजी महाराज रेगरान समाज सरवाड़ जिला अजमेर
न संख्या – 10 / 15.09.2009
ण की दिनांक – 18.6.2019

आज दिनांक 18.6.2019 को पंजीकृत प्रन्यास मंदिर श्री रामदेवजी महाराज रेगरान समाज सरवाड़ जिला मेर का निरीक्षण किया गया। वक्त निरीक्षण श्री लालाराम करावलिया उपस्थित रहे। उक्त मंदिर बस स्टेण्ड ड के पास स्थित हैं। उक्त मंदिर में निज मंदिर में बाबा रामदेवजी की बड़ी मूर्ति घोडे पर सवार हैं। मूर्ति के ओर विष्णु भगवान एवं हरजी भाटी की मूर्ति स्थापित हैं बाई ओर लालाबाई, सुगनाबाई एवं रामदेवजी का ा एवं गंगा मैया की मूर्तियाँ हैं। रामदेवजी की बड़ी मूर्ति के नीचे उन्हीं की छोटी मूर्ति स्थापित हैं। निज मंदिर हर दायी ओर शंकर पार्वती की मूर्तियॉ शीशे के फ्रेम में स्थापित हैं दायी ओर ही गणेशजी एवं रविदासजी की याँ हैं तथा दायी ओर पीछे की ओर दुर्गमाता की फ्रेम में कॉंच में मूर्ति हैं। निज मंदिर के बायीं ओर पीछे राधा ा की कॉच के फ्रेम में मूर्तियाँ हैं एवं सरस्वती एवं राम लक्ष्मणजी एवं सीताजी की फ्रेम में मूर्तियाँ हैं निज मंदिर ायी एवं बाई ओर भेंटपेटीयाँ रखी हुई हैं। मंदिर में नीचे तल पर छोटी शिव पार्वती, गणेशजी , नंदनी की माऐं हैं एवं शिवलिंग हैं मंदिर में चैनल गेट के दायें बालाजी एवं बायीं ओर नाकोडा भैरू की मूर्ति है। मंदिर धी अन्य विवरण निम्न प्रकार है :–

मंदिर के प्रवेश द्वार दायी ओर मंदिर के 6 कमरे हैं, जो वक्त निरीक्षण बंद मिले प्रवेश द्वार के बायीं ओर ार्यालय एवं 4 कमरे हैं। जो भी ताले लगे मिले। श्री लालाराम द्वारा बताया गया कि उक्त कमरों में मंदिर का ामान रखा हुआ है। ( जैसे बर्तन, कडाव, भटटी आदि) रखा हुआ हैं। श्री लालाराम करावलिया द्वारा बताया गया के प्रन्यास सम्बधित लेखा जोखा आदि श्री दयालराम सेवलिया के पास रहता है जो आज शादी में देवली के पास किसी ग्राम में गये हैं। अतः वक्त निरीक्षण श्री लालाराम करावलिया को निर्देश प्रदान किये गये कि वे दिनांक 30.6.2019 तक प्रन्यास संबंधित समस्त रिकार्ड लेकर अजमेर कार्यालय में निरीक्षण हेतु उपस्थित होवें।

आज दिनांक 01.7.2019 को श्री लालाराम एवं श्री दयालराम सेवलीया प्रन्यास संबंधी रिकार्ड लेकर उपस्थित हुए जिसके अनुसार प्रन्यास संबंधी अन्य विवरण निम्न प्रकार हैं :–

1. **<u>केश बुक :–</u>** प्रन्यास द्वारा नियमानुसार निर्धारित प्रारूप में केश बुक नहीं लिखी जाती हैं किन्तु एक सादा रजिस्टर में एक ही पृष्ठ पर जिस दिन कोई भुगतान करना होता हैं। वह राशि बैंक से निकाल कर बाई और लिख दी जाती हैं एवं भुगतान कर दाई और लिख दी जाती हैं। उक्त केश बुक में भेंटपेटी से निकली राशि और किरायादारों से ली गई किराया राशि का भी इन्द्राज नहीं किया जाता हैं। प्रन्यास द्वारा दिखाये गये रजिस्टर से (केश बुक) से प्रारम्भिक शेष एवं अन्तिम शेष का भी पता नहीं चलता हैं। अतः वक्त निरीक्षण प्रन्यास को निर्देश प्रदान किये गये की प्रन्यास को प्राप्त होने वाली प्रत्येक राशि का इन्द्राज उसी दिन केश बुक में किया जावें। इसी तरह प्रन्यास द्वारा भुगतान की गई राशि का भी इन्द्राज उसी दिन केश बुक में किया जावें।
2. **<u>अचल सम्पदा रजिस्टर :–</u>** प्रन्यास की अचल सम्पदा में मंदिर भवन के अतिरिक्त मंदिर परिसर में ही स्थित एक सम्पदा में राजस्थान ग्रामीण बैंक की शाखा संचालित हैं। इसके अतिरिक्त मंदिर के बाहर सड़क पर दाई और बाई और क्रमशः 10 एवं 12 कुल 22 दुकाने तथा मंदिर परिसर में 12 गोदाम हैं। जो भी किराये पर चलते हैं। किन्तु मंदिर की उक्त अचल सम्पदाओं का रजिस्टर संधारित नहीं हैं। अतः वक्त निरीक्षण अचंल सम्पदा का रजिस्टर संधारित करने के निर्देश प्रदान किए गये।

Scanned by CamScanner

3. **चल सम्पदा :–** रजिस्टर प्रन्यास द्वारा चल सम्पदा का रजिस्टर बना रखा है किन्तु उक्त रजिस्टर से सामग्री कहाँ से क्रय की गई, कब क्रय की गई एवं किस मात्रा में क्रय की गई का ज्ञान नहीं होता है इसके अतिरिक्त सारी सामग्री को एक ही पृष्ठ पर लिख रखा है। अतः वक्त निरीक्षण प्रन्यास को निर्देश प्रदान किये गये की चल सम्पदा का स्टॉक रजिस्टर क्रय कर निर्धारित प्रारूप में स्टॉक रजिस्टर संधारित करें।

4. **किराया रजिस्टरः–** प्रन्यास की कुल 22 दुकाने एवं 12 गोदाम है जो किराये पर चलते है। किन्तु किराया प्रन्यास द्वारा निर्धारित प्रारूप में किराया रजिस्टर संधारित नहीं किया जाता है। केवल मात्र एक सादे रजिस्टर में माहावार किराया राशि एवं किरायेदारो के नाम लिखे है। जिससे ज्ञात नहीं होता है कि किस किरायेदार द्वारा किराया दिया गया एवं बकाया राशि क्या है। अतः वक्त निरीक्षण प्रन्यास को निर्देश प्रदान किये गये की निर्धारित प्रारूप में किराया रजिस्टर संधारित किया जाये।

5. **बजट एवं ऑडिट रिपोर्ट :–** प्रन्यास द्वारा आगामी वितीय वर्ष का बजट तैयार नहीं किया जाता है। किन्तु प्रन्यास द्वारा ऑडिट प्रतिवर्ष करवाया जाना बताया गया। किन्तु प्रन्यास द्वारा ऑडिट रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत नहीं की जाती हैं। अतः वक्त निरीक्षण गत 3 वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट इस कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु निर्देश प्रदान किये गये।

6. **इन्वेन्ट्री रजिस्टर :–** प्रन्यास द्वारा प्रन्यास में स्थित सोने, चाँदी, पीतल, ताबा आदि आभूषणों का इन्वेन्ट्री रजिस्टर संधारित नहीं किया जाता हैं। अतः प्रन्यास को इन्वेन्ट्री रजिस्टर संधारित करने के निर्देश प्रदान किये गये।

7. **भेंटपेटी रजिस्टर :–** प्रन्यास में निज मंदिर के बाहर दायी एवं बाई और भेंटपेटीयॉ लगी हुई हैं। प्रन्यास द्वारा अन्तिम बार भेंटपेटीयॉ दिनांक 31.3.2019 को खोलना रजिस्टर में दर्शाया गया हैं। जिसमें रूपये 24119/– राशि निकलना दर्शा रखा हैं। किन्तु उक्त राशि को पूर्व केश बुक में नहीं लिखा जाना बताया गया हैं। अतः वक्त निरीक्षण प्रन्यास को निर्देश प्रदान किये गये जो भी राशि प्रन्यास को प्राप्त होती हैं। उसका केश बुक में इन्द्राज किया जावें तथा प्रन्यास द्वारा जो भी भुगतान किया जाता हैं व भी केश बुक में लिखा जावें।

8. **विनियोजन :–** श्री लालाराम द्वारा बताया गया कि प्रन्यास द्वारा किसी भी बैंक एवं संस्था में कोई राशि की एफ.डी. एवं विनियोजन नहीं किया गया हैं।

9. **उपस्थिति पंजिका :–** प्रन्यास में वर्तमान में एक पुजारी श्रीरामा पुत्र श्री लादू सेवलिया एवं श्री श्रवण पुत्र श्री घीसा सफाई कर्मी के रूप में कार्यरत हैं। प्रन्यास द्वारा उक्त कार्मिकों की उपस्थिति पंजिका संधारित नहीं कर रखी हैं। अतः वक्त निरीक्षण उपस्थिति पंजिका संधारित करने के निर्देश प्रदान किये गये।

10. **आय का साधन :–** प्रन्यास की आय भेंटपेटी से निकली राशि दुकानों एवं गोदाम का किराया से होती हैं। 22 दुकानों से कुल रूपये 41500/– मासिक किराया एवं 12 गोदामों से कुल रूपये 8000/– मासिक प्राप्त होते हैं इसके अतिरिक्त मंदिर परिसर में स्थित सम्पदा जिसमें वर्तमान में बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सरवाड़ संचालित हैं का मासिक किराया रूपये 5176/– हैं।

11. **वर्तमान पदाधिकारी : –** मंदिर पर वर्तमान पदाधिकारियों का बोर्ड के अनुसार निम्नानुसार पदाधिकारी हैं:–

| क्र.सं. | नाम | पद | मोबाई नं. |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री मदनलाल करावलिया | अध्यक्ष एवं कार्यवाहक प्रन्यासी | 9950262269 |
| 2 | श्री लालाराम करावलिया | उपाध्यक्ष | 9414554488 |
| 3 | श्री रामदीन सेवलिया | संरक्षक | |
| 4 | श्री दयालराम सेवलिया | महामंत्री | 9929857467 |
| 5 | श्री रामपाल जलुथरिया | मंत्री | |
| 6 | श्री बाबू लाल कचरोलिया | संगठन मंत्री | |
| 7 | श्री रामेश्वर लाल बडोतिया | प्रन्यास मंत्री | |

Scanned by CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | श्री बाबूलाल करावलिया | | कोषाध्यक्ष |
| 9 | श्री तेजपाल कचरोलिया | | लेखा निरीक्षक |

कारी सदस्य

| क्र.सं. | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री छीतरमल बडारिया | सदस्य |
| 2 | श्री रामस्वरूप आटिया | सदस्य |
| 3 | श्री चौथमल बडारिया | सदस्य |
| 4 | श्री मुकेश बान्दोरिया | सदस्य |
| 5 | श्री लालाराम छोगिया | सदस्य |
| 6 | श्री लक्ष्मण करावलिया | सदस्य |
| 7 | श्री मोहन करावलिया | सदस्य |
| 8 | श्री सुखदेव | सदस्य |
| 9 | श्री जतुथरिया | सदस्य |
| 10 | श्री यादराम भांदोरिया | सदस्य |
| 11 | श्री गोपाल बडोलिया | सदस्य |
| 12 | श्री जबलू कांसोरिया | सदस्य |

वक्त निरीक्षण प्रन्यास को निर्देश प्रदान किये गये कि यदि उपरोक्त पदाधिकारियों का अनुमोदन नहीं कराया हैं तो निर्धारित प्रपत्र संख्या 8 में सूचना इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

12. **बैंक खाता :–** प्रन्यास का बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सरवाड़ में बैंक खाता हैं। जिसका खाता संख्या 42850100000001 जिसका अंतिम शेष दिनांक 28.6.2019 को रूपये 607294/– हैं। अतः वक्त निरीक्षण प्रन्यास को निर्देशित किया गया की केवल आवश्यक अनुसार राशि खाते में रख कर शेष राशि की एफ.डी. करवाई जावें।

13. **बैठक रजिस्टरः–** प्रन्यास द्वारा बैठक रजिस्टर संधारित किया जाता हैं जिसके अनुसार प्रन्यास की प्रथम बैठक दिनांक 22.10.2008 को पुनः दर्शाया गया हैं। प्रन्यास की अन्तिम बैठक दिनांक 10.2.2019 को होना दर्शाया गया हैं।

14. **अन्य :–** वक्त निरीक्षण प्रन्यास में सफाई व्यवस्था अच्छी पाई गई प्रन्यास को निर्देशित किया जाता हैं। की उक्त निरीक्षण मे दिये गये निर्देशों की पालना कर आगामी निरीक्षण से की गई पालना से अवगत करावें, साथ ही प्रन्यास की समस्त पंजिकाओं (रजिस्टर) पर पृष्ठों का अंकन कर अध्यक्ष अथवा किसी ट्रस्टी के हस्ताक्षर कराये जावें।

Sd/-
(गिरीश कुमार बचानी)
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग,अजमेर
दिनांक : 02-07-19

क्रमाकं : 1210

प्रतिलिपि :

1- श्रीमान् आयुक्त महोदय देवस्थान विभाग, राजस्थान उदयपुर को सूचनार्थ।
2- अध्यक्ष मंदिर श्री रामदेवजी महाराज रेगरान समाज, बस स्टेण्ड के पास सरवाड़ जिला अजमेर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
3- प्रन्यास शाखा, कार्यालय हाजा।

(गिरीश कुमार बचानी)
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग,अजमेर

838
8.7.2019

Scanned by CamScanner